Transfer of Controller df Programmes

2220. SHRl BIR BHADRA PRATAP SINGH: Will th|e Ministe$_r$ of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it ;$_s$ $_a$ f$_{act}$ that some of the Controller Of Programmes jn Door-darsha$_n$ have been transferred $_{to}$ the main Ministry;

(b) whether it i$_s$ also a fact that these transfers are not being effected because of some influence being used by the Controller of Programmes; and

(c) if so, what steps are being taken to shift these officer$_s$ to the Ministry?

THE MINISTER oF STAT$_E$ OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI AHT PAN-JA): (a) It 'has been decided ^{t0} transfer one Deputy Controller of Programmes in Doordarshan t_0 the Ministry on promotion.

(b) No, Sir.

(c) Some administrative formalities are to be completed before shifting th» offi cer to the Ministry.

गल्फ स्ट्रीम III एस. आर. ए. विमान की खरीद

2221. **श्री कल्पनाथ पति मिश्र :**
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्रीमती रेणुका चौधरी :
श्री गया चन्द भुयान :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 12 जुलाई, 1987 को "नवभारत टाइम्स" में छपे सं आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि गल्फ स्ट्रीम III एस. आर. ए. आई. नामक तीन हवाई जहाज, जिनमें से प्रत्येक विमान में 8 10 सीटें है, बम्बई की एक कम्पनी "इंडेमर" की मार्फत 50 करोड़ रुपये में खरीदे गये हैं और उनमें से एक हवाई जहाज दिल्ली पहुंच चुका है ;

(ख) यदि, हां, तो उन हवाई जहाजों के खरीदने का उद्देश्य क्या है और क्या इनकी खरीद के लिए फरवरी, 1987 में मंत्रिमंडल सचिव ने आदेश दिए थे ;

(ग) क्या यह सच है कि इस संबंध में वायु सेना के विशेषज्ञों की राय नहीं ली गई थी और वायु सेना के अधिकारियों द्वारा व्यावसायिक मूल्यांकन भी नहीं किया गया था यद्यपि ऐसे मामलों में उनकी राय जानना अनिवार्य होता है; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है ;

(घ) मैसर्स इंडेमर की मार्फत अब तक खरीदे गये विभिन्न हवाई जहाजों/ हेलीकाप्टरों के नाम और नम्बर क्या हैं और प्रत्येक के लिए कितनी कीमत दी गई थी ; वे किस-किस तिथि को खरीदे गये थे, और ऐसे प्रत्येक सौदे में ग्राहकों अथवा विक्रेताओं द्वारा कितना-कितना कमीशन और अन्य शीर्षों के अन्तर्गत कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया था ; और

(ङ) ये हवाई जहाज बिना रुके कितनी ऊंचाई तक उड़ सकते हैं और उनके रख-रखाव पर अब तक कितनी धन राशि खर्च की जा चुकी है ?

प्रधान मंत्री (श्री राजीव गांधी) : (क) जी हां । सरकार ने इस समाचार को देखा है। भारत सरकार ने तीन गल्फ-स्ट्रीम III/एस.आर.ए. I को 40.93 मिलियन अमरीकी डालर के मूल्य पर विनिर्माता मैं० गल्फस्ट्रीम एयरोस्पेस कारपोरेशन आफ० यू० एस० ए० से सीधे खरीदने का आर्डर दिया है। इनमें से एक विमान भारत में 1-6-87 को पहुंचा है। इसके बीच कोई बिक्री एजेण्ट नहीं था।

(ख) गल्फस्ट्रीम III विमान के एस आर. ए. I के वर्गीत में रिकानिसन्स प्लेट-फार्म की व्यवस्था हैं । ये विमान